**Patrika (Indore), 27th December 2022, Page – 02**

## आइआइटी इंदौर में हुआ एडवांस इन गियर इंजीनियरिंग कार्यक्रम

# प्रोफेशनल्स ने जानी गियर इंजीनियरिंग की बारीकियां

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

इंदौर. विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (भारत सरकार) द्वारा आइआइटी इंदौर में 19 से 25 दिसंबर तक एडवांस इन गियर इंजीनियरिंग एसटीयूटीआइ (सिनर्जिस्टिक ट्रेनिंग यूजिंग साइंटिफिक एंड टेक्नोलॉजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर) कार्यक्रम हुआ। कौशल भारत मिशन और आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में यह कार्यक्रम सेंटर ऑफ एक्सीलेंस द्वारा आयोजित किया गया था।

कार्यक्रम का उद्घाटन आइआइटी इंदौर के निदेशक प्रोफेसर सुहास एस. जोशी ने किया।



मुख्य अतिथि कोल्हापुर विवि के प्रो. आरजी सोनकवडे थे। कार्यक्रम में देशभर के 38 प्रतिभागियों ने भाग लिया। उद्योगों के 23 प्रतिभागियों के साथ आइआइटी रोपड़, आइआइआइटीडीएम जबलपुर, वीआइटी वेल्लोर, शास्त्र विश्वविद्यालय जैसे शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिभागी भी शामिल हुए। आइआइटी बॉम्बे, आइआइटी इंदौर, सिनसिनाटी विश्वविद्यालय (यूएसए), आरआर कैट इंदौर के विशेषज्ञों ने गियर इंजीनियरिंग पर व्याख्यान दिया।